## संपादकीय

# हमने बनाई मिसाल

कई शताब्दी पुराने रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देश ने जिस शांतिपूर्ण और विवेकसम्मत अंदाज में ग्रहण किया है, उसे आने वाले वर्षों में एक मिसाल के रूप में याद किया जाएगा। शनिवार को फैसला आने से पहले सबकी सांसें थमी हुई थीं। सवाल यह तो था ही कि फैसला क्या होगा, यह भी था कि समाज के अलग-अलग हिस्से उस पर कैसे रिऐक्ट करेंगे। जब भी कोई विवाद एक हद से ज्यादा लंबा खिंच जाता है तो समय के साथ उसकी जटिलता बढ़ती चली जाती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की इस बेंच के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि समाज के गले में लंबे समय से फंसे इस कांटे को किस तरह निकाला जाए कि वह कोई नया जख्म पाए बगैर इससे मुक्त हो जाए।

इसे कोर्ट की परिपक्वता कहेंगे कि पांचो जजों ने सर्वसम्मति से ऐसा फैसला दिया जिससे किसी भी पक्ष को सब कुछ भले न मिला हो, पर कोई भी पक्ष ऐसा नहीं रहा जिसे कुछ न मिला। सबसे बड़ी बात यह कि पीठ ने यह खास सावधानी बरती कि फैसले से कोई गलत प्रस्थापना पुष्ट न हो। इसीलिए विवादित भूमि मंदिर के लिए देते हुए भी कोर्ट ने साफ किया कि अतीत की गलतियों को वर्तमान में सुधारने की कोशिश उचित नहीं है। यह भी कि 1934, 1949 और 1992 में पूजास्थल के साथ हुई छेड़छाड़ गैरकानूनी थी। यह उन तत्वों को साफ संदेश था जो इस फैसले को मंदिर निर्माण के नाम पर की गई अपनी तमाम गतिविधियों के लिए सर्टिफिकेट के रूप में इस्तेमाल कर सकते थे।

मुस्लिम पक्ष को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने का कोर्ट का आदेश भी बताता है कि भले विवादित भूमि पर उसका दावा स्वीकार न किया गया हो, लेकिन उसके दावे को अदालत ने नजरअंदाज करने लायक नहीं माना। बहरहाल, इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है इस फैसले पर देशवासियों की प्रतिक्रिया। मुस्लिम समाज ने जो शांति, संयम और समझदारी दिखाई है वह निश्चित रूप से काबिलेतारीफ है। हिंदू पक्ष ने भी पिछले कई मौकों के विपरीत इस बार गौरव प्रदर्शन से परहेज किया। कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों ने फैसला आने से पहले से ही हर संभव सतर्कता बरतते हुए सोशल मीडिया पर नजर रखने और अमन कमेटी वगैरह गठित करने जैसे कदम उठाए।

कुल मिला कर एक देश के रूप में हमने जिस कुशलता, शांतिप्रियता और समझदारी का परिचय देते हुए इस विवाद से अपना पीछा छुड़ाया है वह बताता है कि एक लोकतांत्रिक समाज के रूप में हम पहले से ज्यादा परिपक्व हुए हैं। हालांकि किसी भी समाज के जीवन में ऐसा कोई एक बिंदु स्थायी नहीं होता। आने वाले समय में ऐसी और भी परीक्षाएं हमारे सामने आएंगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि हम अपने ही इस उदाहरण की रोशनी में आगे बढ़ते हुए उन परीक्षाओं में भी सफल होंगे।

# चीन से छिन सकता है दुनिया की वर्कशॉप का ताज, भारत और इंडोनेशिया कतार में

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया की वर्कशॉप कहलाने वाले चीन को अमेरिका ट्रेड वॉर का काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी नुकसान पर कई एशियाई देशों की नजर है जिसका वे एक अवसर के तौर पर लाभ उठाना चाहते हैं।




हालांकि चीन के मुकाबले में खड़ा होने वाले एशियाई देश बहुत कम हैं लेकिन इस दौड़ में जो नाम सबसे आगे हैं वे हैं भारत और इंडोनेशिया। भारत इस दिशा में मेक इन इंडिया के माध्यम से आगे बढ़ सकता है।

अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे ट्रेड वार के कारण भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मोर्चे पर फायदा हुआ। भारत ने चालू वर्ष की पहली छमाही (जनवरी-जून) में अमेरिका को 75.5 करोड़ डॉलर (करीब 5,360 करोड़ रुपये) का अतिरिक्त निर्यात किया है। संयुक्त राष्ट्र की व्यापार एवं निवेश इकाई अंकटाड की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को केमिकल, मेटल और अयस्कों का अतिरिक्त निर्यात हुआ है। असल में अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार के चलते दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी कमी आई है, जिसका फायदा भारत को मिल रहा है। अंकटाड के मुताबिक भारत ने केमिकल (24.3 करोड़ डॉलर), धातु एवं अयस्क (18.1 करोड़ डॉलर), इलेक्टिकल मशीनरी (8.3 करोड़ डॉलर) और विभिन्न मशीनरी (6.8 करोड़ डॉलर) की अतिरिक्त बिक्री करके यह लाभ कमाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल कोई भी देश अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में वह सफलता हासिल करने स्थिति में नहीं है, जो चीन ने प्राप्त किया है।

# आर्सेलर मित्तल दक्षिण अफ्रीका का सालदान्हा संयत्र बंद करेगी, 1,000 कर्मचारी होंगे प्रभावित



**जोहानिसबर्ग (आरएनएस)।** वैश्विक इस्पात बाजार में जारी सुस्ती के असर से दुनिया की सबसे बड़ी इस्पात विनिर्माता कंपनी आर्सेलर मित्तल भी अछूती नहीं रही है। कंपनी की दक्षिण अफ्रीका स्थित इकाई ने कहा है कि भारी वित्तीय नुकसान के चलते वह अपने साल्दान्हा संयंत्र को बंद करेगी। इससे संयंत्र के करीब 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है।

इस्पात क्षेत्र में लक्ष्मी मित्तल का पूरी दुनिया में बोल बाला है। दुनिया के 60 से अधिक देशों में लक्ष्मी मित्तल की कंपनी का कारोबार फैला है जबकि 18 देशों में उसकी औद्योगिक रूप से मौजूदगी है। कंपनी ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा है कि उसने अपनी रणनीतिक समीक्षा में पाया कि उसके साल्दान्हा परिचालन ने अपनी प्रतिस्पर्धा खो दी है। यह संयंत्र लागत के मुताबिक निर्यात बाजार में प्रतिस्पर्धी नहीं रह गया है। इसकी मुख्य वजह कंपनी ने ''कच्चा माल और मूल्य को नियमन दायरे में लाना'' बताया है।

# कोल इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़ा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एकीकृत आधार पर 3,522.7 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। कंपनी ने बताया कि यह पिछले साल की समान तिमाही के 3,084.54 करोड़ रुपये की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस दौरान कंपनी की कुल आय पिछले साल के 23,486.35 करोड़ रुपये से गिरकर 22,012.94 करोड़ रुपये पर आ गयी। कंपनी ने कहा कि आय में गिरावट के बाद भी उसका मुनाफा बढ़ने का कारण कर देनदारी में कमी आना है। इस दौरान उसकी कर देनदारी 2,031.71 करोड़ रुपये से कम होकर 754.25 करोड़ रुपये पर आ गयी।



# आधार कार्ड से जुड़ी ये गलती करने पर भरना पड़ेगा 10 हजार रुपए का जुर्माना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** करदाताओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए हाल ही में आयकर विभाग ने पैन नंबर की जगह आधार नंबर इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। लेकिन कोई इस नियम का दुरुपयोग करता है या आधार नंबर गलत देता है तो उसे 10 हजार रुपए का जुर्माना भरना पड़ सकता है।




बता दें कि, वित्त विधेयक 2019 में पेश आयकर अधिनियम 1961 का नवीनतम संशोधन न केवल पैन की जगह आधार नंबर के इस्तेमाल की मंजूरी प्रदान करता है, बल्कि गलत आधार नंबर देने पर 10 हजार रुपये के जुर्माने का भी प्रवाधान करता है। इससे पहले, जुर्माना केवल पैन तक सीमित था, लेकिन सितंबर में पैन-आधार इंटरचेंजिबिलिटी का प्रावधान आया तो यह आधार के लिए भी लागू हो गया।

जुर्माने का यह नया नियम उन्हीं जगहों पर लागू होता है, जहां पैन की जगह आप आधार नंबर का इस्तेमाल कर रहे हैं और जहां आयकर विभाग के नियमों के मुताबिक, पैन नंबर देना अनिवार्य है। उदाहरण स्वरूप इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना, बैंक खाता खोलना, डीमैट अकाउंट खोलना और 50 हजार रुपये से अधिक के म्यूचुअल फंड और बॉन्ड खरीदना।

# अलीबाबा की 'सिंगल्स डे' में हुई 38.38 अरब डॉलर की रिकार्ड बिक्री

**हांगझोउ (चीन) (आरएनएस)।** अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव और अर्थव्यवस्था में सुस्ती की चिंताओं के बीच ई- वाणिज्य कंपनी अलीबाबा की 'सिंगल्स डे बिक्री' में 38.38 अरब डालर की रिकार्ड बिक्री दर्ज की गई। अलीबाबा समूह के विभिन्न बिक्री प्लेटफार्म पर मात्र 29.45 सैकिंड में 10 अरब डालर की बिक्री दर्ज की गई। इस वैश्विक बिक्री त्योहार ने 16 घंटे 31 मिनट में ही पिछले साल के बिक्री रिकार्ड को तोड़ दिया। सिंगल्स डे बिक्री के इस कार्यक्रम में 24 घंटे की समाप्ति के बाद कुल 268.4 अरब आरएमबी (चीनी मुद्रा) यानी 38.379 अरब डालर की रिकार्ड बिक्री दर्ज की गई। अलीबाबा ने बताया कि साल दर साल आधार पर इस बिक्री में 25.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि इसमें डिलीवरी आर्डर की संख्या 1.292 अरब पर पहुंच गई।




# खत्म नहीं हो रहीं आयुष्मान खुराना की बाला की मुसीबतें, अब लगा स्टोरी चोरी का आरोप




आयुष्मान खुराना की फिल्म बाला के ट्रेलर के रिलीज होने के साथ ही उसके साथ एक के बाद एक मुसीबतें जुड़ती जा रही हैं। गाने से लेकर रिलीज की तारीख पर होने वाले विवाद के बाद अब इस मूवी पर स्टोरी को चुराने का आरोप लगा है। कमल कांत चंद्रा नाम के डायरेक्टर ने दावा किया है कि बाला में दिखाई जाने वाली स्टोरी उसकी बायॉपिक में से ली गई है।

कमल कांत चंद्रा ने कहा मैं चाहता हूं कि फिल्म बाला पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाए और मैं इस फिल्म को बनाऊं। यह मेरी बायॉपिक है। यह मेरी जिंदगी की कहानी है। चंद्रा ने यह भी दावा किया कि वह इसी सब्जेक्ट की कहानी लेकर साल 2017 में आयुष्मान खुराना से मिले थे और उन्हें फिल्म में कास्ट करना चाहते थे। दोनों के बीच मीटिंग भी तय हुई लेकिन बाद में चंद्रा को बताया गया कि आयुष्मान एक गंजे व्यक्ति का किरदार नहीं करना चाहते हैं। डायरेक्टर ने कहा कि 2018 में उन्हें पता चला कि आयुष्मान दूसरी फिल्म में गंजे व्यक्ति का ही किरदार प्ले करते नजर आने वाले हैं तो वह हैरान रह गए। मैं शॉक्ड रह गया। मैंने आयुष्मान को लीगल नोटिस भेजा और उनके व मेकर्स के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में केस दर्ज करवाया। उस समय दिनेश विजन की कंपनी का कहना था कि वह स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

# ट्रोलर ने अभिषेक बच्चन को कहा बेरोजगार, ऐक्टर ने दिया करारा जवाब

ट्रोलर्स से कैसे निपटना है और उनकी बोलती कैसे बंद करनी है, यह कोई ऐक्टर अभिषेक बच्चन से सीखे। अभिषेक को अक्सर ट्रोल किया जाता रहा है। लेकिन वह भी बड़े ही बिंदास अंदाज में ट्रोलर्स की बोलती बंद करते आए हैं। हाल ही में भी कुछ ऐसा ही हुआ।



दरअसल अभिषेक ने अपने ट्विटर अकाउंट पर मंडे मोटिवेशन को लेकर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर एक ट्विटर यूजर ने लिखा, जो व्यक्ति मंडे (सोमवार) को भी खुश रहता है, उसे क्या कहेंगे? बेरोजगार! कॉमेंट से साफ जाहिर है कि ट्रोलर ने अभिषेक बच्चन को बेरोजगार कहा। लेकिन अभिषेक ने भी बिना आपा खोए और बोल्ड अंदाज में उसकी बोलती बंद कर दी। अभिषेक ने ट्रोलर को जवाब देते हुए ट्वीट किया, नहीं। मैं असहमत हूं। उसे बेरोजगार नहीं कहते। वह तो वो शख्स है जो वही काम करता है जो उसे करना पसंद होता है। अभिषेक इस जवाब पर ट्रोलर की बोलती बंद हुई और अन्य लोगों ने तारीफें करनी शुरू कर दीं। अभिषेक के जवाब से उनके फैन्स इम्प्रेस हो गए। फिल्मों की बात करें, तो अभिषेक अनुराग बसु की एक फिल्म में नजर आएंगे।

# पागलपंती में काम करने के लिये तुरंत राजी हो गयीः इलियाना डीक्रूज



बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज का कहना है कि वह फिल्म 'पागलपंती' में काम करने के लिये तुरंत राजी हो गई। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म पागलपंती में जॉन अब्राहम, इलियाना डिक्रूज, कृति खरबंदा, उर्वशी रौतेला, पुलकित सम्राट, अरशद वारसी और अनिल कपूर की मुख्य भूमिकाएं है। इलियाना ने कहा कि वह मुबारकां की सफलता के बाद पागलपंती में काम करने के लिए तुरंत राजी हो गई, जो कि अनीस बज्मी द्वारा बनाई गई थी। इलियाना ने कहा कि उनका परिवार अंग्रेजी फ़िल्में देखना पसंद करता है और उन्होंने मुबारकां देखी थी और फिल्म उन्हें पसंद आई थी। इसके बाद जब अनीस बज्मी ने उन्हें पागलगपंती की पेशकश की तो वह इस मनोरंजक कॉमेडी का हिस्सा बनने से इंकार नहीं कर पाई।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं ऊर्जा अनुभव होगा। कुछ नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं।

वृषभः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आपका दिन अस्वस्थता और बेचैनी के साथ बीतेगा। किसी का भला करने के चक्क र में आप खुद परेशानी में आ सकते हैं। धन के लेन-देन में सतर्कता बरतें।

मिथुनः- आज आपका दिन विशेष लाभदायी है। निवेश, व्यापार, नौकरी, शिक्षा सभी क्षेत्रों में आज लाभ के संकेत हैं। सभी कार्य फलीभूत होंगे। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

कर्कः- आप आज हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में आपके उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी में पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

सिंहः- भाग्य सहायक रहेगा। पूर्व निर्धारित कार्य की तरफ आज आपको ध्यान देना चाहिए, काम बनेगा। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

कन्याः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। नए काम को शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा से परहेज करें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

तुलाः- आज आपका दिन आनंद में बीतेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का पूर्ण साहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति की राय पर विशेष ध्यान दें। लंबी दूरी की यात्रा कर सकत हैं।

वृश्चिकः- सुख-शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। अधूरे कार्य संपन्न होंगे, कोई शुभ सूचना मन को प्रसन्न रखेगी। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्रा-भूषणों की खरीदारी होगी।

धनुः- आज साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी। मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। बौद्धिक चर्चाओं में भाग लें, प्रभाव बढ़ेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर आप आनंद पूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

मकरः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपकी मनः- स्थिति नकारात्मक रहेगी, मन में निराशजनक विचार आएंगे। मन को सबल रखें।

कुंभः- मानसिक रुप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

मीनः- आज रुका हुआ धन आपको अवश्य प्राप्त होगा। धन निवेश के लिए भी दिन लाभकारी है। स्वयं पर विश्वास रखकर ही आज कार्यों को क्रियान्वित करें।

## मिल्क बिस्किट बनाने की विधि...

### आवश्यक सामग्री -

रोल्ड ओट्स 1/2 कप
किशमिश
दालचीनी पाउडर 1/2 छोटा चम्मच
वनीला एसेंस 1 चम्मच
मक्खन आधा कप
मैदा 2 कप
चीनी पाउडर/ब्राउन शुगर 1.5 कप
बटर मिल्क 1 कप
छोटा चम्मच
बेकिंग सोडा 1 छोटा चम्मच
नमक 1/2 छोटा चम्मच



### बनाने की विधि -

इसे बनाने के लिए सबसे पहले आप बटर तथा चीनी को आपस में मिक्स कर दें। इसके बाद आप एक बॉल लें और उनसे वनीला एसेंस तथा बटर मिल्क को डालिए। अब इस मिश्रण में सोडा तथा मैदे को एक साथ छान कर डालें। इतना करने बाद आप इसमें रोल्ड ओट्स, दाल चीनी पाऊडर, किशमिश तथा नमक डालें।अब इस मिश्रण को बेकिंग ट्रे पर 2 इंच के अंतर पर रखें और 180 डिग्री पर प्रीहिटिड अवन में 8 से 10 मिनट तक बेक कीजिए। इस प्रकार आपके बटर मिल्क बिस्कुट तैयार हो जाते हैं। इन्हें ठंडा कर बच्चों को दीजिए और खुद भी इनका मजा लिजिए।

## शब्द सामर्थ्य- 42

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 41 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 42

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.41 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |